**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–29.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का कल देर रात निधन हो गया। इस महीने की पच्चीस तारीख को खूंटी में सड़क हादसे में घायल होने के बाद से उनका इलाज रिम्स, रांची में चल रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। इधर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रिम्स में उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गहरी संवेदना जताते हुए उनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया।

*****************

राज्य में नई सरकार के गठन के साथ सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति करने की प्रक्रिया तेज की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पहली कैबिनेट की बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर अगले वर्ष जनवरी माह के अंत तक परीक्षा कैलेंडर जारी करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने पुलिस नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा प्रक्रिया में संशोधन करने तथा दिसंबर माह से मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना की सम्मान राशि दो हजार पांच सौ करने समेत सात प्रस्तावों को स्वीकृति दी।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बोकारो जिले के चंदनक्यारी प्रखंड के शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के परिजनों को दस लाख रुपए की अनुग्रह राशि और एक आश्रित को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देश और राज्य के लिए शहीद होने वाले अग्निवीरों को सम्मान और सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

*****************

नई सरकार में शामिल होने वाले मंत्रियों तथा नेता प्रतिपक्ष को वाई प्लस की सुरक्षा मिलेगी। जबकि, विधायकों को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी। राज्य पुलिस की विशेष शाखा की समीक्षा बैठक में मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा व्यवस्था पर निर्णय लिया जाएगा। इसके तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विधायकों को विशेष सुरक्षा दी जा सकती है जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों को जेड अथवा वाई प्लस सुरक्षा दी जा सकती है।

*****************

राज्य सरकार अगले महीने की पन्द्रह तारीख से किसानों से धान क्रय की प्रक्रिया शुरू करेगी। खाद्य आपूर्ति विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में सिमडेगा जिले में 23 लैम्पस में धान क्रय का कार्य होगा।

*****************

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से आधा दर्जन ट्रेनों के परिचालन को स्थगित कर दिया गया है। इसके तहत बर्धमान–हटिया–बर्धमान मेमू एक्सप्रेस, आद्रा–बरकाकाना–आद्रा मेमू एक्सप्रेस, बोकारो स्टील सिटी–रांची–बोकारो स्टील सिटी एक्सप्रेस, टाटा नगर–हटिया–टाटानगर एक्सप्रेस और खड़गपुर–रांची–खड़गपुर एक्सप्रेस का परिचालन 30 नवंबर से पांच दिसंबर तक स्थगित रहेगा। वहीं, पन्द्रह ट्रेनों का परिचालन आंशिक और बदले हुए रूट से होगा, जबकि दो ट्रेनों के परिचालन समय में बदलाव किया गया है। जिन प्रमुख ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है उसमें आलप्पुझा–धनबाद एक्सप्रेस, रांची–हावड़ा–रांची वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची–हावड़ा रांची एक्सप्रेस, रांची–पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, आनंदविहार टर्मिनल–पूरी एक्सप्रेस–रांची–दुमका एक्सप्रेस, रांची–हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस शामिल हैं।

*****समाप्त*******